सं. ए-42011/01/2023-समन्वय

भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

समन्वय प्रभाग

***

निर्माण भवन, नई दिल्ली,
दिनांक: 30 मई, 2024

कार्यालय ज्ञापन

विषय: मंत्रिमंडल के लिए अप्रैल, 2024 माह प्रमुख गतिविधियों पर मासिक सारांश।

अधोहस्ताक्षरी को आवास और शहरी कार्य मंत्रालय की प्रमुख गतिविधियों पर अवर्गीकृत मासिक सारांश की एक प्रति अप्रैल, 2024 के माह के लिए अग्रेषित करने का निदेश दिया गया है।

संलग्नक: यथोपरोक्त।

हरि मोहन झा
30/05/2024

(हरि मोहन झा)
अवर सचिव,भारत सरकार
दूरभाष: 2306 1047

सेवामें,

मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य।

संलग्नकों सहित अग्रेषित प्रति:

1. भारत सरकार के सभी सचिव
2. आईटी सेल, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय: मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।

अनुलग्नक

अप्रैल, 2024 माह के दौरान आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय से संबंधित महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों/कार्यक्रमों का सारांश नीचे दिया गया है:

I. स्वच्छ भारत मिशन (शहरी)

भारत में अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए "नगरपालिका ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में वैश्विक उत्कृष्ट पध्दतियां" पर 05.04.2024 और 23.04.2024 को दो गोल मेज चर्चाएँ की गईं थी। चर्चाओं में उद्योगों, अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों, नागरिक समाज और विषय विशेषज्ञों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

II. स्मार्ट सिटी मिशन

i. लखनऊ स्मार्ट सिटी में 11.04.2024 को "हैप्पीनेस पार्क" का अनावरण किया गया है। यह बच्चों और परिवारों के लिए विश्राम करने और आनंद लेने के लिए एक मनोरंजक स्थल है।

ii. रायपुर नगर निगम द्वारा स्टार्टअप को बढ़ावा देने तथा युवाओं को रोजगारोन्मुखी कार्यक्रमों से जोड़ने के लिए दिनांक 20.04.2024 को 'स्टार्टअप समिट' का आयोजन किया गया, जिसमें युवा उद्यमियों ने व्यवसाय एवं संस्थागत गतिविधियों को तैयार करने में अपने औद्योगिक प्रयासों के बारे में जानकारी प्रदान दी।

iii. महीने के दौरान 284 करोड़ रुपये की लागत की 69 परियोजनाएं पूरी की गईं।

III अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत)

<u>अमृत</u>

i. माह के दौरान 1,569 करोड़ रुपये की लागत की 42 परियोजनाएं पूरी हुईं।

ii. माह में कुल 465 करोड़ रुपये के कार्य निष्पादित किये गये।

<u>अमृत 2.0</u>

i. 876 करोड़ रुपये की लागत वाली 287 परियोजनाओं के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को मंजूरी दी गई।

ii. 1,000 करोड़ रुपये की लागत वाली 257 परियोजनाओं के लिए निविदा आमंत्रण नोटिस (एनआईटी) जारी किया गया।

iii. 7,703 करोड़ रुपये की लागत वाली 407 परियोजनाओं की के लिए संविदा प्रदान की गई।

iv. जल क्षेत्र में महिला एस.एच.जी समहों को सक्रिय रूप से शामिल करने के लिए अमृत 2.0 के तहत अमृत मित्र एक पहल की शुरूआत की गई थी। इस पहल में जल गुणवत्ता परीक्षण, पार्क रखरखाव, बिल संग्रह/ वितरण, जल उपचार संयंत्रों/एस.टी.पी./एफ.एस.टी.पी.पी. के रखरखाव आदि जैसे कार्यों में महिलाओं की भागीदारी पर जोर दिया गया है। महीने के दौरान 13 राज्यों से प्राप्त 50.43 करोड़ रुपये की 304 परियोजनाओं के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

IV. दीनदयाल अंत्योदय योजना / राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई/एनयूएलएम)

माह के दौरान 1,522 स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) गठित किए गए। 534 लाभार्थियों को व्यक्तिगत एवं सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने के लिए ऋण प्रदान किए गए तथा एसएचजी-बैंक लिंकेज कार्यक्रम के तहत 21 स्वयं सहायता समूहों को ऋण प्रदान किए गए।

V. पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्म निर्भर निधि (पीएम स्वनिधि)

पीएम स्वनिधि के अंतर्गत 1,07,40,320 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से अप्रैल 2024 तक 88,56,270 स्वीकृतियां और 84,63,348 ऋण संवितरण प्रदान किए गए।

VI. प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई)/ सभी के लिए आवास (एचएफए)

i. स्थापना से अब तक, मिशन ने 1.19 करोड़ आवासों को मंजूरी दी है, जिनमें से 114.22 लाख आवासों में को निर्माण कार्य शुरू हो गया है, जिनमें से 83.01 लाख आवासों का निर्माण कार्य पूरा हो गया हैं / सुपुर्द कर दिया गया।

ii. माह के दौरान 0.44 करोड़ रुपए जारी किए गए, जिससे जून 2015 से अब तक कुल 1,63,926 करोड़ रुपए जारी हो चुके है।

VII. आवास

रियल एस्टेट (विनियमन एवं विकास) अधिनियम 2016 के अंतर्गत माह में की गई प्रगति:

- 691 रियल एस्टेट परियोजनाएं पंजीकृत की गईं
- 500 रियल एस्टेट एजेंट पंजीकृत किए गए
- विभिन्न रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरणों द्वारा 770 शिकायतों का निपटारा किया गया

VIII. केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सी पी डब्ल्यू डी)

i. सतर्कता इकाई ने 19 अप्रैल, 2024 को हैदराबाद में दोहरावदार प्रकृति की चूक से बचने के लिए सीपीडब्ल्यूडी क्षेत्र के अधिकारियों को जागरूक और संवेदनशील बनाने के लिए तीसरे इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया।

ii. एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग (ईआरपी) कार्यान्वयन पर कार्यशालाएं सीपीडब्ल्यूडी, मदुरै में 03.04.2024 से 05.04.2024 तक और गुवाहाटी में 24.04.2024 से 26.04.2024 तक आयोजित की गईं।